पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

राजभाषा विभाग, प्र.का., राजेन्द्र भवन (द्वितीय तल), राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110 008
टेलीफैक्स: 011-25750148, 25720149 ईमेल: rajbhashavibhag@pnb.co.in

**प्र.का./राभावि/निबंध प्रति./48/2014**
**दिनांक : 20 जनवरी, 2014**

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**सरकारी क्षेत्र के समस्त वाणिज्यिक बैंक तथा**
**अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाएं**

**राजभाषा विभाग परिपत्र संख्या : 02/2014**

विषय : **पीएनबी अखिल भारतीय (चतुर्थ) अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता**

बैंक-कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हमारा बैंक अखिल भारतीय स्तर पर अन्तर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें और मौलिकता संबंधी प्रमाणपत्र का प्ररूप **अनुबंध 'क'** एवं **अनुबंध 'ख'** में उपलब्ध है। प्रतियोगिता का विषय **इस प्रकार** है :-

**"राष्ट्रीय एकीकरण एवं सद्भावना में हिंदी का योगदान"**

**प्रतियोगिता के लिए** मातृभाषा के अनुसार 3 वर्ग बनाए गए हैं और प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता रखी गयी है -

- वर्ग "क" हिन्दी मातृभाषा
- वर्ग "ख" पंजाबी, मराठी, गुजराती, सिंधी एवं उर्दू मातृभाषा
- वर्ग "ग" उपर्युक्त से भिन्न अन्य

हिन्दी निबंध पृथक बन्द लिफाफे में दस्ती, डाक या कुरियर द्वारा **30 जून, 2014 तक निम्नलिखित पते** पर अवश्य पहुंच जाने चाहिए :-

**मुख्य प्रबंधक**
**पंजाब नैशनल बैंक**
**राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय**
**राजेन्द्र भवन (द्वितीय तल)**
**राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली - 110 008**

कृपया इस प्रतियोगिता के संबंध में अपने सभी कार्यालयों/शाखाओं के साथ-साथ आपके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों व अनुषंगी कंपनियों को भी अवगत कराएं तथा अधिक-से-अधिक स्टाफ सदस्यों को इसमें भाग लेने के लिए अभिप्रेरित कर प्रतियोगिता को सफल बनाएं। यह परिपत्र बैंक की वेबसाइट ***www.pnbindia.in*** पर भी उपलब्ध है।

**(वी. मनोहरन)**
**उप महाप्रबंधक**

संलग्न - **अनुबंध 'क' एवं 'ख'**

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !
राजभाषा विभाग, प्र.का., राजेन्द्र भवन (द्वितीय तल), राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110 008
टेलीफैक्स: 011-25750148, 25720149 ईमेल: rajbhashavibhag@pnb.co.in

HO/OLD/ESSAY COM/48/2014
Dated: 20 January, 2014

RESERVE BANK OF INDIA
ALL PUBLIC SECTOR COMMERCIAL BANKS AND
ALL INDIA FINANCIAL INSTITUTIONS

**Official Language Deptt. Circular No 02/2014**

**Reg: PNB All India (Fourth) Inter Bank Hindi Essay Competition**

Inter Bank Hindi Essay Competition is being organised by our bank at All India Level for the purpose of encouraging use of Hindi in official work. Details, rules, terms and conditions of the competition alongwith format of certificate required are available at Annexure 'A' and 'B'. Subject of the Essay competition is as under:-

*"CONTRIBUTION OF HINDI IN NATIONAL INTEGRATION AND HARMONY"*

Based on mother tongue, three categories have been defined and competition is being conducted for each category as under:-

- Category "A" mother tongue Hindi
- Category "B" mother tongue Punjabi, Marathi, Gujarati, Sindhi & Urdu
- Category "C" mother tongue other than category "A" & "B" as stated above.

Hindi Essay in a separate closed cover should reach by hand/post or courier latest by 30th June, 2014 at the following address:-

The Chief Manager
Punjab National Bank
Official Language Deptt.
Head Office, Rajendra Bhawan (2nd Floor)
Rajendra Place
New Delhi – 110 008

Please circulate the details of this competition among all your offices/branches and Regional Rural Banks sponsored by you and subsidiary companies also. Please encourage all staff members to participate in this competition and make it a success. This circular is also available on website ***www.pnbindia.in*** of the bank.

**(V. MANOHARAN)**
**DY. GENERAL MANAGER**

Encl: **Annexure 'A' & 'B'**

**अनुबंध 'क'**

## पीएनबी अखिल भारतीय (चतुर्थ) अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता

विषय - **"राष्ट्रीय एकीकरण एवं सद्भावना में हिंदी का योगदान"**

कृपया नोट करें कि केवल हिंदी और देवनागरी लिपि में लिखे निबंध ही प्रतियोगिता में स्वीकार किए जाएंगे।

**शब्द सीमा** - लगभग 3000 शब्द (प्रतिभागी निबंध के अंत में कुल शब्दों की संख्या दर्शाएं ।)

**पात्रता** - प्रतियोगिता में भारतीय रिज़र्व बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएनबी सहित) तथा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकते हैं । राजभाषा अधिकारी/हिंदी अधिकारी, हिंदी अनुवादक तथा हिंदी सहायक के पद पर कार्यरत कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं ।

**वर्ग** - **प्रतियोगिता के लिए** मातृभाषा के अनुसार 3 वर्ग बनाए गए हैं और प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता रखी गयी हैं -

- वर्ग "क" हिन्दी मातृभाषा
- वर्ग "ख" पंजाबी, मराठी, गुजराती, सिंधी एवं उर्दू मातृभाषा
- वर्ग "ग" उपर्युक्त से भिन्न अन्य

**पुरस्कार** - प्रत्येक वर्ग के लिए निम्नलिखित पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं :-

**प्रथम पुरस्कार - `15000/-**
**द्वितीय पुरस्कार - `12000/-**
**तृतीय पुरस्कार - `10000/-**
**प्रोत्साहन पुरस्कार (पहला) - `6000/-**
**प्रोत्साहन पुरस्कार (दूसरा) - `6000/-**

**अंतिम तिथि** - निबंध प्राप्त करने की अंतिम तारीख **30 जून, 2014** है।

**मूल्यांकन** - प्राप्त सभी उपयुक्त निबंधों का मूल्यांकन पीएनबी द्वारा निर्धारित तीन स्वतंत्र निर्णायकों से अलग-अलग करवाया जाएगा और तीनों का औसत निकालकर अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## अन्य शर्तें

1. निबंध ए-4 साइज कागज पर केवल एक ओर समुचित हाशिया छोड़कर, टाइप किया हुआ अथवा स्वच्छ एवं सुपाठ्य हस्तलेख में होना चाहिए। प्रतिभागी चाहें तो उचित माध्यम से प्रविष्टि भिजवाने के साथ-साथ निबंध की सॉफ्ट प्रति (यूनिकोड में) भी निम्न ई-मेल (डाक) आईडी पर प्रेषित कर सकते हैं **rajbhashavibhag@pnb.co.in**

2. प्रत्येक निबंध की तीन प्रतियां भेजी जाएं।

3. आवरण पृष्ठ पर केवल प्रतिभागी का विवरण, अर्थात् नाम, पदनाम, मातृभाषा, बैंक का नाम, कार्यालय/शाखा का नाम, पता, दूरभाष संख्या एवं वर्ग अर्थात् हिंदी भाषी/हिंदीतर भाषी आदि लिखा जाना चाहिए। निबंध में या उसके ऊपर कहीं भी प्रतिभागी का नाम, पता नहीं होना चाहिए।

4. प्रविष्टि के साथ निर्धारित प्रारूप **(अनुबंध 'ख')** में मौलिकता प्रमाणपत्र भी भेजा जाए। मौलिकता प्रमाणपत्र न होने पर प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपने निबंध शाखा/कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रमाणित कराते हुए सीधे **निम्नलिखित** पते पर भेजें -

   **मुख्य प्रबंधक**
   **पंजाब नैशनल बैंक**
   **राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय**
   **राजेन्द्र भवन (द्वितीय तल)**
   **राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110 008**

   प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने की सूचना अपनी संस्था के प्रधान कार्यालय के राजभाषा विभाग को भी दें।

6. प्रतियोगिता के परिणाम की सूचना विजेताओं तथा बैंक/वित्तीय संस्थाओं के प्रधान कार्यालय को यथासमय दी जाएगी। प्रतिभागियों से अनुरोध है कि इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार न करें।

7. पुरस्कार वितरण समारोह में आने-जाने और ठहरने आदि का व्यय विजेता बैंक/वित्तीय संस्था को वहन करना होगा। विजेताओं को संबंधित बैंक द्वारा ड्यूटी पर माना जाए।

8. पुरस्कृत निबंधों पर प्रथम प्रकाशन का अधिकार पीएनबी का होगा। पीएनबी को यह अधिकार होगा कि वह इन निबंधों को अपनी गृह पत्रिका/पुस्तक के रूप में छपवाए। पीएनबी द्वारा पुरस्कृत निबंधों के प्रथम प्रकाशन के पश्चात् विजेता अपने निबंध को अन्यत्र प्रकाशित करवा सकते हैं।

9. पुरस्कार की घोषणा से पूर्व प्रतिभागी अपना निबंध प्रकाशन हेतु अथवा अन्यत्र किसी प्रतियोगिता में नहीं भेजें। पुरस्कार की घोषणा के बाद जो प्रतिभागी पुरस्कार प्राप्त नहीं करते हैं, वे अपने निबंध का प्रयोग अन्यत्र कर सकते हैं।

10. प्रतियोगिता संबंधी किसी अन्य जानकारी के लिए हमारे बैंक के राजभाषा विभाग से दूरभाष संख्या **25750148 एवं 25720149** पर संपर्क कर सकते हैं।

<u>अनुबंध 'ख'</u>

# पीएनबी अखिल भारतीय (चतुर्थ) अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता

## घोषणा/मौलिकता प्रमाणपत्र

1. मैं ..........................................................(नाम) यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं ................................................................................................................ (संस्था का नाम व पूरा पता) में ............................ के पद पर तैनात हूँ।

2. मैं यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि संलग्न हिन्दी निबंध स्व-लिखित/रचित मौलिक है तथा पहले न तो कहीं प्रकाशित है और न ही प्रकाशन के लिए भेजा गया है। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने तक मैं इसका उपयोग कहीं और नहीं करूँगा/करूँगी।

3. मेरी मातृभाषा -------------------- है।

हस्ताक्षर :------------------------------
नाम : ----------------------------
पदनाम : -----------------------------
दूरभाष/मोबाइल सं. : --------------------------
कार्यालय का -----------------------------
पूरा पता : -----------------------------
दूरभाष सं. : -----------------------------
फैक्स सं. : ------------------------------
ई-मेल पता : -------------------------------

**<u>प्रतिभागी कार्यालय के प्रयोग हेतु</u>**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री..................................................................हमारे कार्यालय/ शाखा में ................................................................. के पद पर कार्यरत हैं।

तिथि :.....................

**कार्यालय प्रभारी के हस्ताक्षर एवं मोहर**

नाम : ----------------------------
पदनाम : -----------------------------
दूरभाष/मोबाइल सं. : --------------------------
कार्यालय का पूरा पता : ----------------------------
-----------------------------
-----------------------------
दूरभाष सं. : -----------------------------
फैक्स सं. : ----------------------------
ई-मेल पता : ----------------------------